# फर्जी एस्कॉर्ट सर्विस के विज्ञापन से लूटपाट-ब्लैकमेलिंग का भंडाफोड़

## जवाहर सर्किल थाना पुलिस ने महिला समेत दो लोगों को गिरफ्तार किया

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर ।** गूगल पर 'एस्कॉर्ट सर्विस' के नाम से फर्जी विज्ञापन चलाकर लोगों को जाल में फंसाने, मारपीट कर लूटने और ब्लैकमेल करने वाले गिरोह का जवाहर सर्किल थाना पुलिस ने पर्दाफाश किया है। पुलिस ने मामले में महिला समेत दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दोनों को अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें पुलिस रिमांड पर लिया गया है। पुलिस गिरोह के अन्य सदस्यों और पूर्व की वारदातों के संबंध में पूछताछ कर रही है।

डीसीपी पूर्व रंजीता शर्मा ने बताया कि शहर में राहगीरों से मारपीट और लूट की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए जवाहर सर्किल थानाधिकारी महेश चंद्र के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई थी। पुलिस ने हेमंत पाठक (23) निवासी महापुरा, भांकरोटा जयपुर मूल निवासी बामनगांव, नैनवां, बूंदी तथा रक्षा मलकानी (31)निवासी मुहाना मंडी जयपुर मूल निवासी पूनम मुंबई को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने दोनों आरोपियों को अदालत में पेश कर रिमांड पर लिया है। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि आरोपित गूगल पर 'एस्कॉर्ट सर्विस' के नाम से ऑनलाइन विज्ञापन



**गूगल पर 'एस्कॉर्ट सर्विस' के नाम से फर्जी विज्ञापन चलाकर लोगों को जाल में फंसाने, मारपीट कर लूटने और ब्लैकमेल करने वाले गिरोह का जवाहर सर्किल थाना पुलिस ने पर्दाफाश किया है।**

चलाते थे और अपने मोबाइल नंबर को सर्च में ऊपर दिखाने का प्रयास करते थे। कोई व्यक्ति 'नीयर मी एस्कॉर्ट सर्विस' सर्च कर संपर्क करता तो उससे रुपए ऐंठे जाते, लेकिन सेवा उपलब्ध नहीं कराई जाती थी। इसके बाद ग्राहक को एक तय स्थान पर बुलाया जाता और डराने-धमकाने, मारपीट व ब्लैकमेलिंग के जरिए रुपए और मोबाइल लूट लिए जाते थे। पूछताछ में गिरोह के अन्य साथियों और इसी तरह की अन्य वारदातों का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है। साथ ही पुलिस अब इस पूरे नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की भूमिका की

**■ आरोपियों ने ग्राहक को कार में बैठा कर मारपीट के बाद 15 हजार रुपए और मोबाइल छीन लिए थे**

जांच कर रही है। जवाहर सर्किल थानाधिकारी महेश चंद्र के अनुसार 2 जून को विकास कुमार मीणा ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 1 जून की रात करीब 11 बजे वह जगतपुरा स्टेशन से घर जा रहा था। रास्ते में कार सवार बदमाशों ने रास्ता पूछने के बहाने उसे रोका और मदद का झांसा देकर कार में बैठा लिया। कार में बैठते ही उसके साथ मारपीट की गई और जेब से करीब 15 हजार रुपए नकद और मोबाइल फोन छीन लिया। आरोपियों ने ऑनलाइन ट्रांसफर के जरिए अन्य लोगों से भी रुपए मंगवाने का प्रयास किया, लेकिन इसमें सफल नहीं होने पर लाठी-डंडों से मारपीट की। इसके बाद परिवादी को एक अनजान स्थान पर छोड़कर फरार हो गए। पुलिस ने बीएनएस की विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू की। आरोपियों को चिन्हित करते हुए पकड़ा है।

# आपसी रंजिश में 11वीं के छात्र पर लोहे की रॉड से हमला किया

**जयपुर ।** अशोक नगर थाना इलाके में एक निजी स्कूल के बाहर छात्रों के विवाद में 11वीं कक्षा के 16 वर्षीय छात्र पर 9वीं और 10वीं कक्षा के छात्रों ने लोहे की रॉड और डंडों से हमला कर दिया। हमले में छात्र के हाथ में गंभीर फ्रैक्चर हुआ है। चिकित्सकों ने ऑपरेशन की सलाह दी है। हमलावरों ने छात्र की बाइक भी क्षितग्रस्त कर दी।

हेड कांस्टेबल महिपाल के अनुसार ब्रह्मपुरी निवासी छात्र ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। छात्र ने बताया कि 11वीं और 9वीं कक्षा के कुछ छात्रों के बीच पिछले कुछ दिनों से विवाद चल रहा था। बुधवार दोपहर करीब 2 बजे स्कूल की छुट्टी के बाद वह बाइक से घर जा रहा था। स्कूल गेट के पीछे 10वीं कक्षा के एक छात्र ने उसका रास्ता रोक लिया।

पीड़ित के अनुसार उसका विवाद से कोई सीधा संबंध नहीं था। इसके बावजूद 9वीं कक्षा के छात्र और उसके भाई ने लोहे की रॉड से उसके सिर पर वार करने का प्रयास किया। बचाव में हाथ आगे करने पर रॉड कोहनी पर लगी, जिससे हाथ टूट गया। नीचे गिरने के बाद आरोपियों ने पीठ पर डंडों और रॉड से हमला किया और बाइक भी तोड़ दी।

शोर सुनकर आसपास के लोगों के पहुंचने पर आरोपी मौके से फरार हो गए। घायल छात्र को निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां एक्स-रे में फ्रैक्चर की पुष्टि हुई। पुलिस ने नामजद एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# मेयर वोटिंग के दौरान कांग्रेस के विधायक और पार्षद धरने पर बैठे

## आदर्श नगर विधायक रफीक खान को नगर निगम में एंट्री नहीं देने और भाजपा नेताओं की भीतर मौजूदगी पर बवाल मचा

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर ।** महापौर चुनाव में मतदान के दौरान कांग्रेस विधायक रफीक खान निगम पहुंचे, लेकिन उन्हें एंट्री नहीं दी गई। इसके बाद वे किशनपोल विधायक अमीन कागजी, कांग्रेस शहर अध्यक्ष सुनील शर्मा के साथ धरने पर बैठ गए। इसी समय भाजपा विधायक गोपाल

**■ राज्य निर्वाचन आयोग के कार्यक्रम के अनुसार जयपुर नगर निगम के डिप्टी मेयर का चुनाव आज होगा।**



**नगर निगम मुख्यालय में महापौर की वोटिंग के दौरान उग्र हुए कांग्रेस विधायक रफीक खान व अमीन कागजी से सांसद मंजू ने समझाइश की।**

शर्मा मतदान कक्ष की ओर जाने लगे तभी कांग्रेस के जयपुर शहर अध्यक्ष सुनील शर्मा ने उन्हें रोक लिया। इस दौरान कुछ कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने गोपाल शर्मा का विरोध किया। इसके बाद सुनील शर्मा समझाइश कर उन्हें बाहर लेकर गए।

कांग्रेस नेताओं ने भाजपा के आदर्श नगर प्रत्याशी रहे रवि नैयर और पूर्व विधायक मोहनलाल गुप्ता की मौजूदगी पर सवाल उठाए। कांग्रेस विधायकों ने आरोप लगाया कि निगम मुख्यालय पर उनके प्रवेश को रोका जा रहा है, जबकि भाजपा नेताओं की सुबह से मौजूदगी बनी हुई है।भाजपा नेताओं को बाहर भेजने की मांग पर कांग्रेस पार्षदों ने कुछ समय के लिए मतदान भी रोक दिया। कांग्रेस की ओर से रवि नैयर और मोहनलाल गुप्ता को नगर निगम मुख्यालय परिसर से बाहर भेजने की मांग की गई। कांग्रेस नेताओं और प्रशासन के बीच बातचीत के बाद पुलिस प्रशासन ने भाजपा नेताओं को परिसर से बाहर जाने की समझाइश की।


पुलिस प्रशासन की समझाइश के बाद भाजपा नेताओं ने नगर निगम मुख्यालय परिसर छोड़ दिया। मीडिया से बातचीत में कांग्रेस विधायक अमीन कागजी ने आरोप लगाया कि सुबह 9.45 बजे से इनके अवांछित लोग बूथ के अंदर जा रहे हैं। फिर बाहर आ रहे हैं, जिनके पास वैधानिक अधिकार नहीं हैं, वो अंदर क्यों जा रहे है। विधायक रफीक खान ने कहा कि रिकॉर्डिंग निकाली जाए कि कौन-कौन अंदर गया। किस-किस का प्रोटोकॉल था। अगर नहीं था तो कैसे अंदर गए। मुझे किस हैसियत से रोका।

इससे पहले शुक्रवार सुबह सबसे पहले बीजेपी-कांग्रेस के मेयर दावेदार सुनील कोठारी और सुनीता मावर नगर निगम पहुंचे थे, दोनों ने अपनी-अपनी जीत को दावा किया था। पार्षद भी नगर निगम की चौखट पर माथा टेककर अंदर गए। राज्य निर्वाचन आयोग के कार्यक्रम के अनुसार जयपुर नगर निगम के डिप्टी मेयर का चुनाव आज शनिवार को होगा।

# कचरा नहीं, संसाधन बनेगा; नए नियमों से स्वच्छ शहरों की नई दिशा तय होगी

## चार-धारा पृथक्करण, डिजिटल निगरानी और 'प्रदूषक भुगतान सिद्धांत' से बढ़ेगी जवाबदेही

**जयपुर ।** ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2026 के प्रभावी क्रियान्वयन से शहरों में कचरा प्रबंधन अब केवल निस्तारण तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि कचरे को संसाधन में बदलने और चक्रीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने पर जोर रहेगा। इस संबंध में राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल में प्रेस इन्फॉर्मेशन ब्यूरो के सहयोग से संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस हुई।




प्रेस इन्फॉर्मेशन ब्यूरो के निदेशक अनुभव बैरवा ने जन-जागरूकता की जरूरत बताई। मुख्य पर्यावरण अभियंता प्रेमालाल ने नियमों और विभिन्न पक्षों की जिम्मेदारियों की जानकारी दी। अतिरिक्त मुख्य पर्यावरण अभियंता भुवनेश माथुर ने बताया कि 1 अप्रैल 2026 से प्रभावी नियमों में स्त्रोत स्तर पर गीले, सूखे, स्वच्छता संबंधी तथा विशेष/घरेलू खतरनाक कचरे का चार-धारा पृथक्करण अनिवार्य व्यवस्था का आधार है। स्थानीय स्वायत्त शासन विभाग के मुख्य अभियंता अरुण व्यास ने बताया कि बड़े आवासीय परिसरों, होटल, संस्थानों व अन्य थोक अपशिष्ट उत्पादकों को परिसर में ही कम्पोस्टिंग, जैव-मीथेनीकरण या अनुमोदित तकनीक से जैविक कचरे का प्रसंस्करण करना होगा। कचरे के संग्रहण, परिवहन, प्रसंस्करण और अंतिम निस्तारण की ऑनलाइन निगरानी से पारदर्शिता बढ़ेगी। नियमों में सामग्री पुनर्प्राप्ति केंद्रों के जरिए पुनर्चक्रण योग्य सामग्री की अधिकतम रिकवरी, विरासत कचरा स्थलों के वैज्ञानिक उपचार तथा कचरे से ईंधन और कार्बन क्रेडिट की संभावनाओं को बढ़ावा दिया गया है। 'प्रदूषक भुगतान सिद्धांत' के तहत उल्लंघन करने वालों पर पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति का प्रावधान है।

राजस्थान में राज्य स्तरीय निगरानी समिति गठित की गई है, सभी शहरी स्थानीय निकायों में नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं और केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के पोर्टल पर थोक अपशिष्ट उत्पादकों का अंतरिम पंजीकरण शुरू किया गया है। गत 29 मई को आयोजित क्षेत्रीय कार्यशाला में करीब 600 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

# मुख्यमंत्री ने अर्पित की पुष्पांजलि



**जयपुर ।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रखर राष्ट्रवादी चिंतक, एकात्म मानववाद एवं 'अंत्योदय' के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 110वीं जयंती पर शुक्रवार को धानक्या स्थित स्मारक पहुंचकर उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। उन्होंने पं. दीनदयाल के आदर्शों का स्मरण करते हुए उन्हें नमन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय मां भारती की सेवा में अपना पूरा जीवन समर्पित करने वाले सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के प्रणेता एवं महान विचारक थे। उन्होंने समाज के अंतिम पंक्ति पर बैठे व्यक्ति के कल्याण को अपने जीवन का ध्येय बनाया और समावेशी विकास के लिए 'एकात्म मानववाद' की परिकल्पना दी। उन्होंने कहा कि उनके दर्शन एवं विचार हमारे लिए पथ प्रदर्शक हैं। हमारी सरकार अंत्योदय को ध्येय मानकर जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित कर रही है।

## सार-समाचार

### 'मिरेकल एट हाइफा' पर चर्चा कल



**जयपुर ।** प्रभा खेतान फाउंडेशन की 'सहयोग' पहल के तहत मेजर चंद्रकांत सिंह की पुस्तक 'मिरेकल एट हाइफा: द मास्टर एंड द महाराजास' पर 27 सितंबर को जयपुर के अशोक क्लब में चर्चा होगी। कार्यक्रम शाम 5 बजे शुरू होगा, जिसमें मेजर चंद्रकांत सिंह से अजय सिंघा संवाद करेंगे। पुस्तक प्रथम विश्व युद्ध के महत्वपूर्ण हाइफा युद्ध पर आधारित है, जो 23 सितंबर 1918 को माउंट कार्मेल की ढलानों पर लड़ा गया था। इसमें तलवार और भालों से लैस भारतीय घुड़सवार सैनिकों के राइफल, मशीनगन और तोपों से लैस बड़ी ऑटोमन सेना से मुकाबले और उनकी वीरता का उल्लेख है। पुस्तक हाइफा के युद्ध को माउंट कार्मेल और क्षेत्र के व्यापक इतिहास से जोड़ते हुए रोमन, यूनानी, फारस, मिस्त्र, मितानी, हित्ती, इस्त्राइली, कनानी और फिलिस्तीनी संघर्षों के साथ धर्मयुद्धों तथा तुर्की और अरबों के बीच संघर्षों की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि भी प्रस्तुत करती है।

### पद्मजा को स्वयं प्रकाश स्मृति सम्मान



**नई दिल्ली ।** स्वयं प्रकाश स्मृति न्यास ने सुप्रसिद्ध साहित्यकार स्वयं प्रकाश की स्मृति में दिए जाने वाले वार्षिक सम्मान की घोषणा कर दी है। वर्ष 2026 का राष्ट्रीय स्तर का सम्मान युवा लेखिका पद्मजा की डायरी 'मैं कोई और' को कथेतर साहित्य के लिए दिया जाएगा। तीन सदस्यीय निर्णायक मंडल ने सर्वसम्मति से कृति के चयन की अनुशंसा की है। निर्णायक मंडल के अध्यक्ष प्रसिद्ध आलोचक संजीव कुमार (दिल्ली) ने कहा कि 'मैं कोई और' जिजीविषा और संघर्ष की अनोखी कहानी है। उपचार के दौरान लेखिका के लिखने-बोलने की क्षमता खोने और फिर उसे दोबारा हासिल करने का अनुभव इस डायरी में दर्ज है। उनके अनुसार पिछले चार वर्षों में प्रकाशित कथेतर साहित्य में यह कृति विशिष्ट स्थान रखती है। मूलत: जयपुर निवासी पद्मजा बाल साहित्य और फिल्म के क्षेत्र में सक्रिय हैं। उनकी डायरी 2025 में प्रकाशित हुई थी। न्यास के अध्यक्ष डॉ. दुर्गाप्रसाद अग्रवाल ने बताया कि मूलत: राजस्थान के अजमेर निवासी स्वयं प्रकाश हिंदी कथा साहित्य के महत्वपूर्ण रचनाकार थे। उन्होंने करीब 250 कहानियां और पांच उपन्यास लिखे। नाटक, रेखाचित्र, संस्मरण, निबंध और बाल साहित्य में भी उनका उल्लेखनीय योगदान रहा। उन्हें साहित्य अकादेमी सहित विभिन्न संस्थाओं से कई पुरस्कार और सम्मान मिले। 20 जनवरी 1947 को इंदौर में जन्मे स्वयं प्रकाश का 7 दिसंबर 2019 को कैंसर के कारण निधन हुआ। वे लंबे समय तक भोपाल में रहे तथा 'वसुधा' और 'चकमक' पत्रिकाओं के संपादन से जुड़े रहे। डॉ. अग्रवाल के अनुसार फरवरी में होने वाले समारोह में पद्मजा को 11 हजार रुपए, प्रशस्ति पत्र और शॉल प्रदान किए जाएंगे। स्वयं प्रकाश स्मृति न्यास में राजेश जोशी, दुर्गाप्रसाद अग्रवाल, आशीष त्रिपाठी, पल्लव, इंजी. अंकिता सावंत और अपूर्वा माथुर सदस्य हैं।

### अल्र्बट हॉल पर स्वच्छता मित्रों का सम्मान

**जयपुर ।** राज्यसभा सांसद नितिन नवीन एवं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा शुक्रवार को अल्बर्ट हॉल पर विकसित भारत जन सेवा अभियान के तहत आयोजित ''स्वच्छता ही सेवा'' कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान राज्यसभा सांसद नितिन नवीन ने आमजन को स्वच्छता की शपथ दिलाई। इसके पश्चात् राज्यसभा सांसद एवं मुख्यमंत्री ने स्वच्छता मित्रों को दुपट्टा पहनाकर सम्मानित किया और आत्मीय बातचीत कर उनके हालचाल जाने। साथ ही, उन्होंने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस दौरान उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी, डॉ. प्रेम चन्द बैरवा, संसदीय कार्यमंत्री जोगाराम पटेल, उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड, नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) झाबर सिंह खर्रा, राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष डॉ. अरुण चतुर्वेदी, गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढम, सांसद मदन राठौड़, मंजू शर्मा, डॉ. अलका गुर्जर, विधायक कालीचरण सराफ, गोपाल शर्मा, बालमुकुंदाचार्य, मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास सहित संबंधित विभागों के उच्च अधिकारी एवं आमजन उपस्थित रहे।

### समय पर पहचान से कैंसर का उपचार आसान

**जयपुर ।** ब्लड कैंसर के लक्षणों की समय पर पहचान और सही उपचार से मरीजों के बेहतर परिणाम मिल रहे हैं। ब्लड कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रकाश सिंह शेखावत ने बताया कि सितंबर ब्लड कैंसर जागरूकता माह के रूप में मनाया जाता है। लगातार थकान, कमजोरी, वजन कम होना, बार-बार बुखार या संक्रमण, रात में पसीना, आसानी से नीले निशान पड़ना, ब्लीडिंग और लिम्फ नोड्स में सूजन जैसे लक्षणों को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। उन्होंने बताया कि ब्लड कैंसर के उपचार में कीमोथेरेपी, टार्गेटेड थेरेपी, इम्यूनोथेरेपी, बोन मैरो ट्रांसप्लांट और कार-टी सेल थेरेपी जैसे आधुनिक विकल्प उपलब्ध हैं। बीएमसीएच में अब तक 191 बोन मैरो ट्रांसप्लांट और 9 कार-टी सेल थेरेपी की जा चुकी हैं। डॉ. शेखावत ने बताया कि बीएमसीएच की नि:शुल्क उपचार योजनाओं में 562 मरीज पंजीकृत हैं, जिनमें 389 मरीज नियमित उपचार के बाद कैंसर मुक्त जीवन जी रहे हैं। उपचार पूरा होने के बाद भी नियमित जांच और फॉलोअप जरूरी है।

# पत्नी व बेटी समेत तीन लोगों पर हत्या का आरोप

**जयपुर ।** शिवदासपुरा थाना क्षेत्र में तीन महीने पहले कमरे में फंदे से शव लटके मिलने के मामले में नया मोड आ गया है। मृतक की बहन की शिकायत पर पुलिस ने उसकी पत्नी, बेटी और साले के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया है। बहन ने आरोप लगाया कि विवाद के दौरान कालू स्वामी के सिर पर हमला कर उसे घायल किया गया और बाद में हत्या को आत्महत्या का रूप देने के लिए शव को फंदे से लटकाया गया। साक्ष्य मिटाने के लिए खून से सने कपडे जलाने और फर्श साफ करने का भी आरोप लगाया गया है।

थानाधिकारी राजेश गौतम ने बताया कि बीलवा निवासी कालू स्वामी (38) की करीब तीन महीने पहले मौत हुई थी। अब दिल्ली बाईपास निवासी उसकी बहन ममता शर्मा (40) ने न्यायालय के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज कराई है। रिपोर्ट के अनुसार कालू अपनी पत्नी अनिता (37), बेटी चंचल (18) और साले गजानंद (35) के साथ रहता था। बेटी के व्यवहार को लेकर उसे टोकने पर घर में विवाद रहता था।

ममता ने रिपोर्ट में बताया कि 12 जून को बेटी चंचल को लेकर कालू और अनिता के बीच विवाद हुआ। आरोप है कि अनिता ने कालू के सिर पर कूकर से वार किया। घायल कालू ने फ्लैट मालिक गोविन्द को फोन कर अस्पताल ले जाने के लिए बुलाया। रात करीब 9 बजे उसका भाई संजय भी पहुंचा तो कालू खून से लथपथ मिला। उसके सिर के पिछले हिस्से से खून निकल रहा था और वह तौलिए से सिर दबाए

**■ फंदे पर लटकी मिली थी लाश, 3 माह बाद नया मोड आया**

हुए था। मौके पर पत्नी, बेटी और फ्लैट मालिक मौजूद थे। बाद में साला गजानंद भी पहुंच गया। समझाइश के बाद सभी चले गए।

रिपोर्ट के अनुसार रात करीब 11 बजे गजानंद ने फोन कर बताया कि कालू ने फंदा लगा लिया है और गेट अंदर से बंद है। संजय मौके पर पहुंचा तो पत्नी, बेटी और साला बाहर बैठे मिले। पहली मंजिल पर पहुंचकर संजय ने गेट को धक्का दिया तो वह आसानी से खुल गया। अंदर चादर के फंदे से कालू का शव लटका था, लेकिन पैर जमीन पर टिके हुए थे। बहन का आरोप है कि गले पर फंदे का निशान नहीं था और रस्सी मुंह पर बंधी हुई थी। कालू को नीचे उतारकर आरयूएचएस अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि हत्या के बाद शव को फंदे से लटकाकर आत्महत्या का रूप देने का प्रयास किया गया। कालू के मोबाइल से फोटो-वीडियो डिलीट करने, फेसबुक पर सिर से बहते खून की डाली गई फोटो हटाने, कमरे में बिखरा खून साफ करने और खून से सने कपड़े जलाने के भी आरोप लगाए गए हैं। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले में पोस्टमार्टम पहले ही कराया जा चुका है और पुलिस मर्ग की जांच भी कर रही थी।

# पंचायत चुनाव को लेकर भाजपा प्रदेश प्रभारी ने ली बैठक

**जयपुर ।** भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री एवं प्रदेश प्रभारी संजय भाटिया ने प्रदेश कार्यालय में प्रदेश पदाधिकारियों, जिलाध्यक्षों एवं मोर्चा व संभाग प्रभारियों के साथ संगठनात्मक बैठक की। प्रदेश प्रभारी बनने के बाद पहली बार बैठक ले रहे भाटिया ने कहा कि कार्यकर्ता का परिश्रम और सरकार के काम का परिणाम निकाय चुनाव परिणाम के रूप में हमें मिला है। इसके लिए सभी कार्यकर्ताओं का अभिनंदन और आभार। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार निकाय चुनाव में सत्ता एवं संगठन के तालमेल के साथ हम सब ने जो काम किया है, उसी के अनुसार पंचायत चुनाव की रणनीति बनाकर हमें मैदान में उतरना होगा।

प्रदेश प्रभारी संजय भाटिया ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी आज अपने कार्यकर्ताओं के सामर्थ्य और सरकारों के लोककल्याणकारी कामों के कारण अजेय राजनीतिक संगठन के रूप में खडी है। पिछले 12 सालों में जिस प्रकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में गांव, गरीब और किसान के लिए योजनाएं बनी है, चाहे उज्जवला हो, जल जीवन हो, आयुष्मान हो, किसान कल्याण निधि हो, इन सब का फायदा निश्चित रूप से हर ग्राम और हर घर को को मिला है।

संगठनात्मक बैठक को निकाय चुनाव प्रभारी हरीश द्विवेदी, सह प्रभारी कविता पाटीदार, संगठन महामंत्री अजेय कुमार, प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड ने भी संबोधित करते हुए आगामी पंचायत चुनाव को लेकर रणनीति तय की। बैठक में मंच पर पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अशोक परनामी, डॉ अरूण चतुर्वेदी और वरिष्ठ नेता राजेंद्र राठौड उपस्थित रहे। मंच संचालन प्रदेश उपाध्यक्ष नाहर सिंह जोधा ने किया।

# ढोल-नगाड़े पर झूमते हुए दी गणपति बप्पा को विदाई

## वैशाली नगर से चाकसू के मनोहर तालाब तक निकाली विसर्जन यात्रा

**जयपुर ।** गणपति बप्पा मोरया... अगले बरस तू जल्दी आ... के जयघोष से शुक्रवार को राजधानी जयपुर का माहौल भक्तिमय हो उठा। गणपति महोत्सव के समापन पर शहर के विभिन्न स्थानों से श्रद्धालु अपने आराध्य गणपति की प्रतिमाओं को विसर्जन के लिए लेकर निकले। कहीं भजन-कीर्तन के साथ बप्पा को विदाई दी गई तो कहीं ढोल-नगाड़ों की गूंज और पारंपरिक नृत्य के बीच गणपति की विसर्जन यात्रा निकली।

वैशाली नगर में महाराष्ट्र की तर्ज पर आयोजित गणपति उत्सव की विसर्जन यात्रा विशेष आकर्षण का केंद्र रही। यहां पिछले 15 वर्षों से महाराष्ट्र की परंपरा के अनुसार गणपति महोत्सव मनाया जा रहा है। इस बार भी महाराष्ट्र के विशेष कारीगरों की ओर से तैयार की गई करीब साढ़े तीन फीट ऊंची मिट्टी की गणपति प्रतिमा स्थापित की गई थी। आयोजक कंवलजीत राणावत ने बताया कि उत्सव के समापन पर श्रद्धालुओं ने विधि-विधान और पूजा-अर्चना के बाद बप्पा को भावभीनी विदाई दी। विसर्जन यात्रा में महाराष्ट्र से विशेष रूप से बुलाए गए ढोल-नगाड़ों की टीम ने अपनी प्रस्तुतियों से माहौल को भक्तिमय बना दिया। करीब 100 से 150 ढोल वादकों की टीम के साथ श्रद्धालु गणपति के जयकारे लगाते हुए आगे बढ़े। ढोल की गूंज पर श्रद्धालु झूमते नजर आए। वहीं दक्षिण भारत की पारंपरिक बैंड टीम भी यात्रा में शामिल रही, जिससे विसर्जन समारोह में देश



के अलग-अलग हिस्सों की सांस्कृतिक परंपराओं का संगम देखने को मिला। राणावत ने बताया कि पिछले 15 वर्षों से इसी परंपरा के साथ गणपति उत्सव आयोजित किया जा रहा है। गणपति की प्रतिमा विशेष रूप से महाराष्ट्र के कारीगरों से तैयार कराई जाती है और विसर्जन के लिए भी महाराष्ट्र के ढोल वादकों को बुलाया जाता है। उन्होंने बताया कि इस बार गणपति प्रतिमा को विसर्जन के लिए चाकसू स्थित मनोहर तालाब ले जाया गया। मनोहर तालाब पहुंचने के बाद श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना की और भक्ति भाव के साथ गणपति प्रतिमा का विसर्जन किया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने एक-दूसरे को गणपति बप्पा मोरया के जयकारे के साथ अगले वर्ष फिर आने का निमंत्रण दिया।

# 15 हजार रु. रिश्वत लेते वरिष्ठ सांख्यिकी अधिकारी गिरफ्तार

**जयपुर ।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने शुक्रवार को ट्रेप कार्रवाई करते हुए भारत सरकार के मिनिस्ट्री ऑफ स्टेटिक्स एंड प्रोग्राम इम्प्लीमेन्टेशन के फील्ड ऑपरेशन डिविजन, पटेल मार्ग मानसरोवर में कार्यरत वरिष्ठ सांख्यिकी अधिकारी मुकेश माल्या को 15 हजार रुपए की रिश्वत लेते डिटेन किया। ट्रेप कार्रवाई के दौरान आरोपी ने पूर्व से किडनी संबंधी बीमारी का उपचार चलने की जानकारी दी। इसके बाद उसे पहले गणगौरी अस्पताल ले जाया गया। चिकित्सकों द्वारा रैफर किए जाने पर एसएमएस अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका उपचार जारी है। एसीबी की शेष टीम अग्रिम कार्रवाई में जुटी है।

एसीबी महानिदेशक पुलिस गोविन्द गुप्ता ने बताया कि एसीबी चौकी जयपुर नगर चतुर्थ को शिकायत मिली थी कि परिवादी की ग्रीन माउन्टेन जेम्स प्राइवेट लिमिटेड, जयपुर नामक फर्म रत्न पन्ना की मैन्युफैक्चरिंग का कार्य करती है। फर्म का पंजीयन प्रमाण-पत्र मिनिस्ट्री ऑफ स्टेटिक्स एंड प्रोग्राम इम्प्लीमेन्टेशन, भारत सरकार की ओर से जारी किया गया है।

शिकायत के अनुसार 24 सितंबर को वरिष्ठ सांख्यिकी अधिकारी मुकेश माल्या ने फर्म के विरुद्ध पेनल्टी लगाने का दबाव बनाते हुए 15 हजार रुपए रिश्वत की मांग की थी। शिकायत के सत्यापन के बाद शुक्रवार को एसीबी ने ट्रेप कार्रवाई की। एसीबी जयपुर नगर चतुर्थ के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार गुप्ता के नेतृत्व में पुलिस निरीक्षक रामजीलाल और टीम ने कार्रवाई की। इस दौरान आरोपी मुकेश माल्या को परिवादी से 15 हजार रुपए की रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों डिटेन किया गया।